# तारों को लेकर पुलिस अलर्ट, पुलिस लाइन में हुआ 'बलवा ड्रिल'

# दंगाई पुलिस कर्मियों ने की पत्थरबाजी और उत्पात मचाया






सतना।

त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने अपनी तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस लाइन सतना ग्राउंड में एक बलवा ड्रिल का आयोजन किया।

पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल एवं सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान की उपस्थिति में आयोजित इस मॉकड्रिल में जिला पुलिस बल सतना के 140 अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुए। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल की आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की कार्यवाहियों का परीक्षण और क्षमता का आकलन करना था। ड्रिल के दौरान,दंगाई बने पुलिसकर्मियों ने पत्थरबाजी और उत्पात मचाया,जिसे नियंत्रित करने के लिए कैन पार्टी,लाठी पार्टी और अश्रु गैस पार्टी ने प्रभावी कार्रवाई की।ड्रिल के बाद,वरिष्ठ अधिकारियों ने बल को मार्गदर्शन देते हुए निर्देश दिए कि किसी भी घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर वैधानिक और निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। उन्होंने शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को प्रमुख उद्देश्य बताया और कहा कि पुलिस कार्रवाई से आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव और असामाजिक तत्वों में पुलिस का खौफ होना चाहिए।

## युवक को घसीटते हुए पुलिस कर्मी का वीडियो आया सामने

### पुलिस अधीक्षक से शिकायत, कार्यवाही की मांग

**सतना।** नागौद थाना क्षेत्र से पुलिस की कथित दादागिरी का एक वीडियो सामने आया है,जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में थाने का एक पुलिस कर्मी स्थानीय युवक को जबरन घसीटकर थाने ले जाने की कोशिश करता नजर आ रहा है। घटना के दौरान युवक बार-बार अपने साथ हुए अन्याय की बात कहता रहा,लेकिन पुलिसकर्मी की सख्ती कम नहीं हुई। बताया जा रहा है कि यह वाकया 19 सितंबर का है।घटना के दौरान मौके पर मौजूद एक आठ साल की बच्ची ने पूरी घटना अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर ली। जैसे ही पुलिस आरक्षक को इसका अहसास हुआ,वह वहां से भाग निकला। मामले में पीड़ित युवक राजीव गंधर्व,जो नागौद का निवासी है। राजीव का कहना है कि 14 अगस्त को रामजी पटेल और उसके दो बेटों ने उसके साथ जमकर मारपीट की थी,जिसमें उसका एक पैर फैक्चर हो गया था। कई दिन तक उसका इलाज भी चला,इस घटना की रिपोर्ट नागौद थाने में दर्ज हुई थी,लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों के दबाव में आकर थाने के आरक्षक आनंद कुमार ने उसके साथ बर्बरता की और थाने ले जाने की कोशिश की।घटना के समय मारपीट के आरोपी रामजी पटेल भी पुलिसकर्मी के साथ मौजूद था। राजीव गंधर्व ने इस पूरे प्रकरण की लिखित शिकायत सतना पुलिस अधीक्षक से की है। शिकायत में उसने स्पष्ट आरोप लगाया है कि स्थानीय पुलिस आरोपी पक्ष से मिलीभगत कर रही है और उसी के दबाव में पीड़ित को प्रताड़ित किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी: पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**सतना।** सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में सिटी कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेन्द्र सिंह बघेल और नगर पुलिस अधीक्षक डी.पी. सिंह चौहान के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। फरियादी सैफ अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रचित विश्वकर्मा नामक युवक ने धार्मिक पोस्ट पर आपत्ति जनक टिप्पणी की है,जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196(1) के तहत मामला दर्ज किया गया। सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रचित विश्वकर्मा (राज),उम्र 20 वर्ष,को सेमरिया चौराहा सतना से गिरफ्तार किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी और सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह गहरवार की सराहनीय भूमिका रही। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### मैहर में साइबर ठगी: मजदूर का खाता खाली, बच्चों की पढ़ाई के लिए जोड़े 1.19 लाख उड़ाए

**मैहर।** थाना क्षेत्र के ग्राम डेल्हा निवासी मजदूर मुकेश कुशवाहा साइबर ठगी का शिकार हो गए। मेहनत -मजदूरी कर बच्चों की पढ़ाई के लिए जोड़े गए 1 लाख 19 हजार रुपये उनके बैंक खाते से एक झटके में गायब हो गए।घटना 28 सितंबर की बताई जा रही है। रविवार दोपहर करीब 2 बजे मुकेश के मोबाइल पर 1 रुपये कटने का मैसेज आया,जिसे उन्होंने सामान्य समझकर नज़रअंदाज़ कर दिया।लेकिन अगले ही दिन सोमवार दोपहर 3:30 बजे अचानक मैसेज आया कि खाते से 50 हज़ार कट गए और कुछ ही मिनट बाद 3:40 बजे 59 हज़ार और निकल गए। खाते में सिर्फ 19 हज़ार बचे। शाम को फोन पे ऐप न चलने पर हेल्पलाइन से संपर्क करने पर उन्हें बताया गया कि उनका मोबाइल हैक हो गया है। पीड़ित तत्काल बैंक पहुंचे लेकिन तब तक शाखा बंद हो चुकी थी। मंगलवार सुबह उन्होंने बैंक प्रबंधन को पूरे मामले की जानकारी दी और मैहर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। मुकेश ने कहा कि यह रकम उन्होंने मजदूरी कर बच्चों की पढ़ाई के लिए जोड़ी थी,जिसे साइबर ठगों ने पलभर में उड़ा लिया।

### लाखों का काम कौड़ियों के दाम: मैहर में ठेकेदार कबाड़ सामग्री से कर रहा खानापूर्ति, जिम्मेदार बेखबर

**मैहर।** नगर पालिका के कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से ठेकेदारों को खुली छूट मिली हुई है। एक बड़ा ठेकेदार लाखों का काम कौड़ियों के दाम में कर रहा है। आरोप है कि वह कई वर्षों पुरानी रेलिंग लगाकर मोटी रकम खींचने की फिराक में है। यह मामला नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 5 का है,जहां ठेकेदार सालों से पड़े कबाड़ का इस्तेमाल कर धड़ल्ले से काम कर रहा है और गली की पुरानी रेलिंगों को इस्तेमाल किया जा रहा है। सवाल उठ रहा है कि आखिर किसके संरक्षण में यह काम चल रहा है और क्या जिम्मेदारों की जानकारी में यह सब हो रहा है? बताया जा रहा है कि ठेकेदार को कार्य के संबंध में कई बार नोटिस जारी हो चुकी है। अब देखना यह है कि मगरमच्छ बने ठेकेदारों पर क्या कार्यवाही होती है।

### मैहर की टमाटर मंडी इटमा गांव में राशन न मिलने से ग्रामीण परेशान

**मैहर।** जिले के टमाटर मंडी इटमा गांव में कोटेदार से परेशान ग्रामीणों ने भाजपा नेता महेश तिवारी से शिकायत की।ग्रामीणों का कहना है कि कोटेदार उन्हें राशन नहीं दे रहा है और अगस्त माह का खाद्यान्न वितरित नहीं किया गया है।

### मां शारदा रोप वे नि:शुल्क करने की सलाह

**मैहर।** जिला पंचायत की वन स्थाई समिति के सभापति हरीश कांत त्रिपाठी ने मैहर जिले के गौरव दिवस पर जिला प्रशासन और मां शारदा प्रबंध समिति से आग्रह किया है कि गौरव दिवस पर 5 अक्टूबर को एक दिवस के लिए मां शारदा देवी के दर्शन के लिए रोप वे सुविधा नि:शुल्क मुहैया कराई जाए,ताकि देश-विदेश से आने वाले भक्तों को सुविधा मिल सके।




## लायंस क्लब ने नवरात्रि में 11 पितृहीन छात्राओं की फीस जमा की

**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स द्वारा नवरात्रि के विशेष अवसर पर दिनांक 30 सितंबर 2025 को दोपहर 2:00 बजे नवरात्रि कन्या पूजन की अष्टमी में 11 पितृहीन छात्राओं की स्कूल फीस जमा की। उक्त जानकारी देते हुए लायंस अध्यक्ष लायन शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि लायंस इंटरनेशनल डि.3233 सी (मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़) लायन पवन मलिक (सेकंड वाइस डि.गवर्नर) व पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी की विशेष उपस्थिति में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में अध्यनरत 11 पितृहीन जरूरतमंद छात्राओं की 15,300/-वार्षिक फीस जमा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पवन मलिक,आलोक त्रिपाठी,शैलेन्द्र त्रिपाठी, विनय त्रिपाठी,जसविंदर सिंह भाटिया,कैलाश कुमार अहिरवार,राजेंद्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## मैहर में दुर्गा और काली माता की भव्य प्रतिमाओं की स्थापना, नगर में जगह-जगह भंडारे







मैहर।

नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में धार्मिक उत्साह चरम पर है। विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा और काली माता की आकर्षक प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। मंदिरों और पंडालों में सुबह-शाम आरती और भक्तिमय कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए भंडारे चल रहे हैं,जहां बड़ी संख्या में भक्त प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। रंग-बिरंगी रोशनी से सजे पंडाल भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार की नवरात्रि और दुर्गा उत्सव पहले से अधिक भव्य और दिव्य माहौल में मनाया जा रहा है। पूरा नगर माता रानी के जयकारों से गूंज रहा है। मैहर पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन पर जगह-जगह पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है,जिससे भक्त जनों को सरलतापूर्ण दर्शन हो रहे हैं।

## एकेएस की शोधार्थी प्रियंका ने लोक प्रशासन में पीएचडी उपाधि प्राप्त की

सतना।



एकेएस विश्वविद्यालय,सतना की शोधार्थी प्रियंका बागरी ने लोक प्रशासन विषय में पीएचडी की उपाधि सफलतापूर्वक प्राप्त की। उनके शोध कार्य के मार्गदर्शक डॉ.धीरेंद्र सिंह हैं। उनका शोध प्रबंध "कृषि विकास एवं डिजिटल विपणन में ई-गवर्नेंस की भूमिका: विशेष संदर्भ सतना जिला" पर आधारित है।आज उनके शोध कार्य का अंतिम वाइवा संपन्न हुआ। प्रियंका बागरी ने अपने शोध में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजनाओं,कृषि क्षेत्र में डिजिटल सेवाओं और किसानों को सशक्त बनाने में डिजिटल विपणन प्लेटफार्मों की भूमिका का विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने सतना जिले के ग्रामीण और कृषक वर्ग पर ई-गवर्नेंस के प्रभावों का गहन अध्ययन करते हुए दिखाया कि किस प्रकार डिजिटल माध्यमों से कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता,दक्षता और बाजार तक पहुंच बढ़ी है।अंतिम वाइवा की सफलता के साथ प्रियंका को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर उन्होंने अपने शोध निर्देशक, विश्वविद्यालय प्रशासन, परिवार और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रियंका ने कहा कि यह उपलब्धि सभी के मार्गदर्शन और सहयोग से संभव हुई है और वह आगे भी कृषि क्षेत्र में ई-गवर्नेंस और डिजिटल नवाचारों पर कार्य जारी रखेंगी।विश्वविद्यालय प्रबंधन ने प्रियंका बागरी को शुभकामनाएं दी हैं।

## शारदेय नवरात्रि: मैहर में मां महाअष्टमी पर 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए माता के दर्शन

सतना/मैहर।

शारदेय नवरात्रि के आठवें दिन मैहर मेला में लगभग 1 लाख श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किया। बताया जाता है कि अपराह्न 3 बजे तक 76 हज़ार 52 श्रद्धालुओं ने माँ शारदा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया था। मंगलवार को शारदा माता के दर्शन के लिए जहाँ मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं,वहीं अष्टमी के दिन भक्तों द्वारा कन्या पूजन,कन्या भोजन,गरीबों,ब्राह्मणों, और निःशक्तजनों को भोजन,वस्त्र दान आदि कराया जा रहा है। सतना एवं मैहर नगर में स्थापित देवी प्रतिमाओं के पंडालों में सुबह एवं संध्या कालीन पूजन-आरती के अलावा दुर्गा सप्तशती,दुर्गा चालीसा पाठ,बीज मंत्र जाप,भजन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। पंडालों में दुर्गा माता के दर्शनों के लिए सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का तांता लगा देखा जा रहा है। इसके अतिरिक्त,गरबा-रास, डांडिया का आयोजन करने वाली कमेटियों द्वारा कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिए तरह-तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। जनप्रतिनिधि एवं प्रतिष्ठित व्यवसायीगण सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के साथ डांडिया-रास के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।



### प्रशासनिक अधिकारियों की बेपरवाही से उपेक्षित हैं श्रमिक, योजनाओं के लाभ से महरूम

## जिले में दशकों से कलेक्टर दर पर कार्यरत श्रमिक संविदा एवं स्थायीकरण से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल एवं जिला शिक्षा केन्द्र कटनी के अधीन विकासखण्डों में स्थापित जनपद शिक्षा केन्द्रों (बीआरसीसी) कार्यालयों में कार्यरत अकुशल, अर्धकुशल एवं कुशल श्रमिक पिछले डेढ़ से दो दशक से अधिक समय से कलेक्टर दर पर सेवाएँ दे रहे हैं। न्यूनतम मजदूरी पर जीवन यापन कर रहे इन श्रमिकों की सुध शासन स्तर पर समय-समय पर ली गई, किंतु जिला स्तर पर कार्यवाही अधर में अटकी हुई है। परिणामस्वरूप आज भी ये श्रमिक अपने भविष्य और अधिकारों के लिए भटक रहे हैं।

### दशकों बाद भी हो रही उपेक्षा

वर्ष 2003 में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के पत्र क्रमांक रा.गां.शि.मि./2003/1448 दिनांक 4 अप्रैल 2003 की कंडिका 2.2.6 के अनुसार जिला शिक्षा केन्द्र कटनी सहित प्रदेश भर में जनपद शिक्षा केन्द्रों में भृत्य पद पर अकुशल एवं अर्धकुशल श्रमिकों की नियुक्तियाँ की गई थीं। नियुक्ति के बाद से अब तक उनकी सेवाएँ निरंतर जारी हैं। कई कर्मचारी 15 से 20 वर्षों से अधिक समय से अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, लेकिन उन्हें संविदा या स्थायीकरण का लाभ नहीं मिल पाया।

मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल ने 7 अक्टूबर 2016 को पत्र क्रमांक एफ 05-1/2013/1/3 के जरिए "स्थायी कर्मियों को विनियमित करने की योजना" लागू की थी। इसके तहत प्रदेश के कई जिलों में दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों को संविदा अथवा स्थायीकरण का लाभ प्रदान किया गया। कटनी जिले में भी इस संबंध में जानकारी संकलित की गई, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी यहाँ कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी।

### वरिष्ठ कर्मचारियों की अनदेखी

सबसे बड़ा सवाल तब खड़ा हुआ जब सत्र 2020 में जिला शिक्षा केन्द्र कटनी के आदेश क्रमांक स्था./जिशिके/4022/कटनी दिनांक 9 सितंबर 2020 के तहत उन कर्मचारियों को भृत्य से लेकर लेखापाल तक के पदों पर संविदा नियुक्ति प्रदान कर दी गई, जिनकी नियुक्ति 7 से 8 वर्ष बाद हुई थी।इन कर्मचारियों को बिना किसी विज्ञापन या परीक्षा के सीधे संविदा पद पर पदस्थ किया गया और वेतनमान भी प्रदान किया जाने लगा। जबकि उनसे कहीं अधिक वरिष्ठ, लंबे समय से कार्यरत श्रमिक कर्मचारी योजना के लाभ से वंचित रहे।

### आश्वासन तक सीमित कार्यवाही

वंचित कर्मचारियों द्वारा 22 मई 2024 को तत्कालीन जिला परियोजना समन्वयक के.के. डहेरिया को ज्ञापन सौंपा गया था। उस समय आश्वासन दिया गया कि शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। किंतु अपेक्षित निर्णय अब तक नहीं लिया गया।इसके बाद 28 जुलाई 2025 को नवागत जिला परियोजना समन्वयक प्रेमनारायण तिवारी को भी कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा। श्री तिवारी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल जिला शिक्षा केन्द्र कटनी की लेखापाल से चर्चा की। परंतु स्थायीकरण अथवा संविदा नियुक्ति न दिए जाने का कोई ठोस कारण सामने नहीं आया। कर्मचारियों का कहना है कि शासन के स्पष्ट निर्देश और वर्षों की वरिष्ठता के बावजूद उन्हें बार-बार अनदेखा किया गया है। जो कर्मचारी उनकी नियुक्ति के कई वर्षों बाद पदस्थ हुए, वे संविदा का लाभ ले रहे हैं, जबकि पहले से सेवाएँ दे रहे श्रमिक अभी भी कलेक्टर दर पर मजदूरी करने को मजबूर हैं।

## व्यवस्थाओं में जुटा नगर निगम का अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दशहरा चल समारोह एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की कार्य व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु निगम का अमला तैयारियों में जुट गया है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार आईएएस द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर समस्त व्यवस्थाओं का प्रभारी अधिकारी उपायुक्त शैलेश गुप्ता को एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए इनके मार्गदर्शन मे 11 चिन्हित घाट, तालाब में निर्मित कराए गए कृत्रिम कुंडों में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की कार्यवाही कराने हेतु दल का गठन कर 120 से अधिक कर्मचारियों की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय टेबल टेनिस महिला एवं पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन



**देवेन्द्रनगर।** शासकीय महाविद्यालय देवेंद्रनगर में अन्तर महाविद्यालयीन जिला स्तरीय टेबल टेनिस महिला पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में पन्ना जिले से पी जी कॉलेज पन्ना और शासकीय महाविद्यालय देवेंद्रनगर के खिलाड़ियों ने सहभागिता की जिसमें पी जी कॉलेज पन्ना विजेता और शासकीय महाविद्यालय देवेंद्रनगर उपविजेता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सीमा चौरसिया जी ने किया और मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेंद्रनगर के प्राचार्य डॉ नीरज शर्मा जी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया महाविद्यालय के श्री एस के गौतम, डॉ दिनेश कुमार राय, डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव, डॉ लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, डॉ पवन कुमार त्रिपाठी, डॉ रीना पाण्डेय, कार्यालयीन कर्मचारी श्री विकास आनंद दीक्षित, श्री सुधीर सिंह, श्री अवधेश बागरी, इदरीश खान सहित छात्र छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह के द्वार ा किया गया।

### पत्रकार कृष्णाकुमार पाठक की माताजी सावित्री पाठक का 103 वर्ष की आयु में निधन



**पन्ना।** सुंगहरा (गुनौर) निवासी पत्रकार कृष्णकुमार पाठक की माताजी सावित्री पाठक ने शतायु पूर्ण कर 27 सितंबर 2025 को इस नश्वर संसार को त्याग कर देव लोक की ओर प्रस्थान किया। श्रीमती सावित्री पाठक ने 103 की आयु प्राप्त कर अपने जीवन में सनातन परंपराओं और मूल्यों को आत्मसात करते हुए एक आदर्श जीवन जिया। बड़ी संख्या में पत्रकारों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की ईश्वर से प्रार्थना की है एवं शोक संतृप्त परिवार को गहन दुख के सहन करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### आकाशीय बिजली गिरने से 14 वर्षीय बालक की मौत



**शाहनगर।** मंगलवार शाम को शाहनगर थाना क्षेत्र के खमतरा गांव में आकाशीय वज्रपात की चपेट में आने से एक 14 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रकाश सिंह पिता भगवान सिंह राठौर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, प्रकाश मंगलवार शाम घूमने निकला था, तभी अचानक मौसम बिगड़ा और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। दुर्भाग्यवश, प्रकाश सीधे इसकी चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों को घटना की जानकारी मिलते ही वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बालक को लहूलुहान अवस्था में घर लाए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

### मां ज्वाला देवी मंदिर में विशाल कन्या भोज और भंडारा संपन्न

**अमानगंज ।** नगर के प्रमुख धार्मिक एवं देवीय स्थल मां ज्वाला देवी मंदिर में प्रतिवर्ष नवरात्रि की अष्टमी को खंड रामायण पाठ की बैठकी एवं नवमी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है, इसी क्रम में इस शारदेय नवरात्रि भी हनुमान टोली द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। जिसकी बैठकी दिनांक 29 सितम्बर 2025 दिन सोमवार को विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण से किया गया। जिसका समापन आज दिनांक 30 सितम्बर दिन मंगलवार को विशाल हवन भंडारा संपन्न हुआ। पूरे दिन नगर सहित क्षेत्र की आमंत्रित कन्या को भोजन कराया गया।

**देवी मां की महाआरती के साथ शुरू हुआ गरबा**

# धूमधाम से शुरू हुआ गरबा महोत्सव, संगीत की थाप पर थिरक उठे



**पन्ना।** यूं तो बुंदेलखंड में शारदीय नवरात्रि की अपनी परंपराएं हैं, जवारे और देवी स्थापना के साथ पन्ना मे अनुभूति ग्रुप द्वारा बीते 8 साल से गरबा का आयोजन किया जा रहा है इस आठवे सीजन का भव्य और दिव्य आयोजन इंद्रपुरी के चंद्रशेखर पार्क में किया गया जिसमें तीन दिन तक लगातार संगीत की मधुर धुनो में भक्ति, साधना के साथ युवतियां गरबा कर रही है इस गरबा के प्रथम दिवस नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडे, समाजसेवी लोकेंद्र प्रताप सिंह, पत्रकार शिवकुमार त्रिपाठी, कपिल मिश्रा एवं एडिशनल एसपी बंदना सिंह मुख्य अतिथि रही पहले माता रानी की आरती का आयोजन किया गया फिर अतिथियों का मंच से स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट किया मंच से संबोधित करते हुए पत्रकार शिवकुमार त्रिपाठी ने कहा कि पन्ना जैसी छोटी जगह में अनुभूति ग्रुप द्वारा गरबा आयोजन किया जाता है, जिससे वातावरण संगीत और भक्ति में हो गया है ऐसा लग रहा है जैसे हम महानगर में हो, अनुभूति ग्रुप के सभी सदस्य बधाई के पात्र हे, समाजसेवी समाजसेवी लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा ऐसा लग रहा है जैसे हम महानगर में हो, आयोजक अनुभूति ग्रुप के सभी सदस्य बधाई के पात्र है मैं उन्हें आगे भी ऐसे करने की शुभकामनाएं देता हूं, एडिशनल एसपी वंदना सिंह ने कहा कि मैं मालवा से आई हूं लेकिन मुझे ऐसा एहसास ही नहीं हो रहा कि हम पन्ना में है हमारे बच्चे बहुत अच्छा गरबा कर रहे हैं, नगर पालिका अध्यक्ष मीना पांडे ने कहा कि भक्ति और साधना का यह अनोखा तरीका है जिससे हम लोगों का मन प्रसन्न हो जाता है, देवी मां की कृपा से ही यह संभव हो पता है ऐसे आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए मैं और मेरी नगर पालिका इस तरह की आयोजनों को प्रोत्साहित करेंगे, दिल्ली से आए भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन गर्भ की बात है दिल्ली की गलियों में रामलीला होती है पर बुंदेलखंड के हर गली में देवी जी की स्थापना होती है, यहाँ गरबा जैसा आयोजन बहुत अच्छी बात है देख कर मन प्रसन्न हो गया,मैं आयोजन की सभी सदस्ययों को बधाई देता हूं। अनुभूति ग्रुप द्वारा आयोजित गर्व महोत्सव का यह सीजन 8 है जिसका आयोजन प्रमुख भूमिका भाजपा नेता तरुण पाठक, विवेकानंद समूह के डॉक्टर अरविंद सिंह, विश्वविद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य धीरज खरे की है इस आयोजन को और अच्छा बनाने बीते 15 दिन से प्रैक्टिस की जा रही थी युवतियां रंग बिरंगे परिधानों में सजाकर गरबा खेलने पहुंचती है प्राकृतिक माहौल में रात को 8 से 11रू00 तक इसका आयोजन किया जाता है, जब छोटी-छोटी बच्चिया डांडिया करते हुए दिखती है तो लोगों की नजर ठहर जाती है और माहौल भक्ति में हो जाता है, बड़ी संख्या में नगर की श्रद्धालु गर्व देखने पहुंच रहे हैं आयोजन स्थल में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कोतवाली टीआई रोहित मिश्रा द्वारा किया गया है इसकी निगरानी स्वयं करते हे आयोजक तरुण पाठक ने आम श्रद्धालुओं से गर्व में सम्मिलित होने की अपील की है तरुण पाठक ने कहा कि प्रवेश निशुल्क है आम श्रद्धालु भक्त गरबा देखने अवश्य आए।

## अमानगंज पुलिस थाना में लोकायुक्त पुलिस की कार्यवाही




**अमानगंज।** थाना अमानगंज में एक लोकायुक्त की कार्यवाही सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात सामने आई है। लोकायुक्त की खबर जैसे ही क्षेत्र में फैली तो सनसनी का माहौल बन गया और जगह-जगह तमाम प्रकार की चर्चा चलने लगी घटना के विषय में जानकारी प्राप्त हुई है, कि लोकायुक्त की टीम ने थाना पहुंचकर कार्यवाही को अंजाम दिया है। जिसमें एक ग्राम रक्षा समिति सदस्य से पूछताछ की गई, बताया जा रहा है कि प्रधान आरक्षक मुकेश सोनी जो अमानगंज थाना सदस्य थे, उन पर 30000 रुपए रिश्वत लेने के आरोप फरियादी श्याम सुंदर आदिवासी द्वारा लगाए गए हैं लोकायुक्त पुलिस ने पहले ही जीरो पर कायमी कर जैसे ही अमानगंज पुलिस थाना ट्रेप कार्यवाही करने पहुंची तो मौके पर ना तो कोई आरोपी मिला ना ही लोकायुक्त की टीम को रिश्वत के नोट बरामद हुए, हालांकि पुलिस ने ग्राम रक्षा समिति के सदस्य को पकड़ कर उससे देर रात तक पूछताछ की गई। हालांकि लोकायुक्त की टीम का कहना है कि प्रधान आरक्षक पर रिश्वत लेने का आरोप फरियादी द्वारा जब लगाया गया था तो उसके रिकॉर्डर के आधार पर पुष्टि कर जीरो पर कायमी कर ली गई थी। और रंगे हाथ पकड़ने के लिए ट्रैपिंग कार्यवाही करने अमानगंज पुलिस थाना लोकायुक्त की टीम पहुंची थी, लेकिन कहीं से इस मामले की जानकारी संबंधित व्यक्तियों तक पहुंच गई और वह मौके से फरार हो गए इस बीच लोकायुक्त की टीम का कहना है, कि इसमें अन्य लोग भी सहयोगी हैं, जिसमें एक आरक्षक द्वारा ज्वाला माता मंदिर तक फरियादी को पहुंचाया गया है, तो वहीं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य द्वारा संबंधित व्यक्ति को रामलाल सोनी के घर पहुंचा है क्या लोकायुक्त की टीम का मानना है की रिश्वत की पैसे रामलाल सोनी के घर पहुंच गए हालांकि लोकायुक्त की टीम को अभी तक रिश्वत के रुपए के बारे में कोई जानकारी नहीं लगा है ना ही आरोपी लोकायुक्त की टीम को मिला है।

## इलाज के नाम पर ग्रामीणों जीवन के साथ हो रहा खिलवाड़

### डॉक्टर विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलेहा

**सलेहा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलेहा इन दिनों अजीब ढंग से चलाया जा रहा है महीनों बीत गए आज तक डॉक्टर चौधरी की जगह खाली है, कहने को तो मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है परंतु सुनने बाला कोई नहीं जिस लोकसभा क्षेत्र से निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष लाखों वोटों से जीत कर दो बार सांसद बनाया विधानसभा से भाजपा का विधायक जीत कर विधानसभा पहुंचाया परन्तु जनता को इलाज़ के लिए डॉक्टर भी नहीं उपलब्ध करा पाए, कई बार अस्पताल प्रबंधन से बात करने एवं खबर चलाने के बाबजूद केवल आश्वाशन ही प्राप्त हुआ है डॉक्टर नहीं, आसपास लगभग 100 से अधिक ग्रामों के बीच एक अकेला अस्पताल वो भी डॉक्टर विहीन सरकार ओर अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही ,अकर्मण्यता एवं उदासीनता को प्रमाणित कर रहा है।

### फार्मासिस्ट कर रहा इलाज रोज 60 से 70 मरीजों की ओपीडी-

प्राथमिक केंद्र सलेहा में लगातार ग्रामीणों के साथ छलावा हो रहा है डॉक्टर से इलाज कराने आ रहे ग्रामीणों को फार्मासिस्ट से दवाई करानी पड़ती है यह जनता के लिए किसी छलावे से कम नहीं है ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए मरीज बेबस होकर फार्मासिस्ट से इलाज कराने को मजबूर हैं। फार्मासिस्ट की माने तो रोज लगभग 60 से 70 मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं।

### अकस्मात आई हुई परेशानी पड़ रही ग्रामीणों पर भारी-

ग्रामीण अंचलों में अगर कोई अकस्मात समस्या आती है तो ग्रामीण भागकर अस्पताल जरूर आते है परन्तु निराश होकर वापस लौटना पड़ता है आपको ज्ञात हो कि पूर्व में ग्राम भमरहा का एक बच्चा पानी में डूब गया था बड़ी



आशा लेकर परिजन अस्पताल तो पहुंचे परन्तु परंतु डॉक्टर न होने से निराशा ही हाथ लगी अभी हाल ही में एक युवक को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया परंतु वह भी डॉक्टर न होने की वजह से निराश होकर बाहर उपचार के लिए लेकर जाना पड़ा गनीमत रही कि समय रहते बाहर ले जाने में परिजन सफल रहे।

### डॉक्टर आने का सुगबुगा तो चला पर धरातल शून्य-

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोई चौहान नामक डॉक्टर की पदस्थापना तो हुई है पर अभी तक धरातल में कुछ देखने को नहीं मिला है प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉक्टर चौहान एक दिन अस्पताल देखकर तो गए हैं लेकिन अभी तक पदभार ग्रहण नहीं किया है। सूत्र तो यह भी कहते हैं कि यह सुनने को मिल रहा है की अस्पताल के ही स्टाफ द्वारा उन्हें बरगला दिया गया है।

### इनका कहना है -

डॉक्टर दिनेश सिंह चौहान की पदस्थापना कर दी गई है पर वो जा नहीं रहे हैं आप सीएमएचओ सर से बात कर लीजिए।

**डॉक्टर आशीष तिवारी, खंड चिकित्सा अधिकारी**

-इनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया इसलिए इनका पक्ष नहीं रखा जा सका

**डॉक्टर राजेश प्रसाद तिवारी**
**मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी पन्ना**

-अभी बरसात हो रही है में अभी बात नहीं कर पाऊंगा।

**दिनेश सिंह चौहान, चिकित्सक सलेहा**

## महेवा में माँ छिन्नमस्ता की गुफा बनी नगर के आकर्षन का केंद्र



**महेवा।** प्रिंस समिति द्वारा बिराजमान काराई गई माँ छिन्नमास्ता की प्रतिमा समिति द्वारा निर्मित कृतिम गुफा के कारण नगर और आस पास के कई ग्रामो में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है सम्पूर्ण जिले में प्रथम बार माँ के उग्र स्वरुप की स्थापना उनकी सखियों डाकिनी सकिनी सहित की गई है समिति अध्यक्ष रिंजेश रोहित खरे द्वारा यह जानकारी प्रदान की गई माँ के चरणों में 21 मीटर का ध्वजा श्री मति विनीता सुल्लेरे द्वारा अर्पण कर धर्म लाभ प्राप्त किया वहीं काली पंडा राजदीप परासर ने बताया की माँ को 108 नीबू की माला सम्मानित चौधरी परिवार के दाऊ भैय्या द्वारा अर्पण की गई नव दिन की ज्योति की व्यबस्था सुरेश वर्मन ने की प्रांगण को साफ वा शुद्ध रखने की व्यबस्था सरपंच पिंकू व्यास और सचिव वेद नारायण गर्ग ने करी नवमी को संपूर्ण नगर की कन्याओ का भोज उपरांत अरविन्द पचौरी कुंवर कुलदीप सिंह जू देव सहित थाना प्रभारी गुनौर दीपक सिंह भदौरिया हवन सहित पूर्णाहुति के लिए नगर में उपस्थित रहेंगे समिति संरक्षक आदित्य खरे द्वारा ने बताया की हवन उपरांत खटीक समाज द्वारा माँ के लिए बलि पूजन का कार्य संपन्न कराया जायेगा।

## पन्ना के आयुष तिवारी को राष्ट्रीय युवा उत्सव में मिला रजत पदक, कलेक्टर ने किया सम्मानित



**पन्ना।** पन्ना शहर के होनहार युवा आयुष तिवारी ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। भारतीय विश्वविद्यालयीन संघ द्वारा आयोजित 38वें विश्वविद्यालयीन युवा उत्सव वर्ष 2025 में रंगमंच की स्किट विधा में रजत पदक हासिल करने पर कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्टर कक्ष में एक संक्षिप्त मुलाकात के दौरान आयुष का सम्मान किया। आयुष तिवारी केन्द्रीय विद्यालय पन्ना के पूर्व छात्र रहे हैं और वर्तमान में विश्वभारती केन्द्रीय विश्वविद्यालय, शांति निकेतन (पश्चिम बंगाल) में बीपीए ड्रामा एंड थिएटर आर्ट्स के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी हैं। उन्होंने कलेक्टर को जानकारी दी कि युवा उत्सव की जोनल प्रतियोगिता सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय, कोलकाता में तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिता एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा उत्तर प्रदेश में संपन्न हुई थी। कलेक्टर सुरेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि पन्ना जिले में सांस्कृतिक गतिविधियों, कलाकारों और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने आयुष को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। आयुष ने मुलाकात के दौरान बताया कि शांति निकेतन विश्वविद्यालय की स्थापना गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर ने की थी और यह संगीत व कला के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। इस अवसर पर आयुष की मां प्रतिमा तिवारी भी मौजूद रहीं।

## अजयगढ़ राजपरिवार से डॉ. सवाई हृदय शाह जूदेव को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (1897) के मध्यप्रदेश का युवा प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया



**पन्ना।** अजयगढ़ राजपरिवार के सदस्य एवं बमुरी महाराज, डॉ. सवाई हृदय शाह जूदेव को हाल ही में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (1897) के मध्यप्रदेश युवा प्रदेशाध्यक्ष के रूप में दायित्व एवं पदभार सौंपा गया है। यह केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान भर नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए भी गर्व और गौरव का क्षण है। राजकुमार साहब ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा० राजा मानवेन्द्र सिंह जी - पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार तथा सांसद से वार्ता में उनका एवं पूरी सभा का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह महासभा को नवीन दिशा में ले जाने का सहयोग करेंगे। गौरमतलब है की डॉ. जूदेव का यह दायित्व उनके परिवार की उस ऐतिहासिक परंपरा का पुनः स्मरण कराता है, जब उनके दादाजी बैकुंठवासी स्व० कर्नल महाराजकुमार सवाई देशपाल सिंह जूदेव जी अजयगढ़ ने महासभा के स्वर्णिम काल में महासचिव, उपाध्यक्ष और अध्यक्ष जैसे सर्वोच्च पदों पर रहकर नेतृत्व किया था। उस समय देशभर की रियासतों के राजे महाराजे, राजपरिवार इस महासभा के सक्रिय सदस्य हुआ करते थे। आज जब समाज नई चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे समय में डॉ. जूदेव का नेतृत्व क्षत्रिय समाज और युवाओं के लिए नई दिशा और प्रेरणा लेकर आएगा। उनकी नियुक्ति से बुंदेलखंड की माटी की गरिमा और अधिक ऊँचाइयों पर पहुँचेगी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (1897) की स्थापना समाज की एकता, परंपराओं और गौरव की रक्षा हेतु की गई थी। डॉ. जूदेव की यह नियुक्ति इस परंपरा की निरंतरता और समाज के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है।

### डॉ. जूदेव का वक्तव्य-

डॉ. हृदय शाह जूदेव ने इस अवसर पर कहा दृ क्षत्रिय समाज को अपने अस्तित्व को सिद्ध करने के लिए किसी प्रकार के प्रदर्शन की आवश्यकता नहीं है। 'क्षत्रिय' का अर्थ ही है क्षत्र का पालन करने वाला, अर्थात वह जो शासन, रक्षा और व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाए। आज समय की मांग है कि हम संगठित होकर समाज के हर वर्ग के हित में और राष्ट्र की वास्तविक समस्याओं पर कार्य करें। कुरीतियों का उन्मूलन, बेरोजगारी से संघर्ष, युवाओं की बढ़ती निराशा को दूर करना और राष्ट्र गौरव की रक्षा दृ यही हमारा मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए अवसर और सुरक्षा खड़े करना तथा राष्ट्र के गौरव को सर्वोपरि रखना ही सच्चे क्षत्रिय धर्म का परिचायक है।"

# टूरिस्ट बस से तीन आदिवासी किशोर किशोरी बच्चों की मौत



### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसडीओपी एवं कोतवाली नगर निरीक्षक घटनास्थल पर पहुंचे बस को लिया कब्जे में

**पन्ना।** पन्ना जिले में आज सुबह लगभग 6:45 बजे एक दिल दहलाने वाली घटना घटित हुई , जिससे आदिवासी समाज में कोहराम मच गया। घटना से संबंधित प्राप्त जानकारी के अनुसार पन्ना जिला मुख्यालय के छतरपुर आजयगढ़ बाईपास मार्ग गोस्वामी फॉर्म हाउस के समीप टूरिस्ट बस जिसके वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक बस चला का मोटरसाइकिल सवार तीन बच्चों को टक्कर मार दी। पुलिस सूत्रों से प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार आज दिनांक 30 सितंबर 2025 को टूरिस्ट कंपनी की बस एमपी 16 पी 0273 जो की बाईपास मार्ग गोस्वामी फॉर्म हाउस से सड़क पर बैक हो रही थी तभी पन्ना शहर के चिमट गहरा निवासी रिश्ते में मामा बुआ के भाई बहन बड़ी देवी माता के दर्शन करके वापस लौट रहे थे। तभी रास्ते में टूरिस्ट कंपनी की बस जो की बस चालक ने लापरवाही पूर्वक बस को चला कर तीन मासूम बच्चों का जीवन समाप्त कर दिया है। घटना के संबंध में प्राप्त हुई जानकारी अनुसार चिमट निवासी लालकरण आदिवासी पिता जुग्गा आदिवासी उम्र 18 वर्ष अपने मामा की लड़की अंजलि आदिवासी पुत्री रानधीरा आदिवासी उम्र 12 वर्ष अनारकली आदिवासी पुत्री रणधीर आदिवासी उम्र 10 वर्ष दोनों निवासी गहरा एनएमडीसी को लेकर गहरा कुंजुमन से बड़ी देवी माता की पूजा करने के लिए गया हुआ था। जहां से आज सुबह लगभग 6:45 के आसपास वापस छतरपुर मार्ग के लिए लौट रहा था तभी गोस्वामी फॉर्म हाउस के सामने टूरिस्ट कंपनी की यात्री बस एमपी 16 पी 0273 के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर पीछे से टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल में सवार तीनों किशोर बच्चों




की मौत हो गई। घटना की सूचना पर थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रोहित मिश्रा ने घटना को बड़े ही गंभीरता से लिया और घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह चौहान तथा एसडीओपी पन्ना एसपीएस बघेल को दी तथा स्वयं अपना कोतवाली का पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे गए। घायल एक बच्चे को तत्काल ही जिला अस्पताल लेकर पहुंचे तथा मौके पर दो बच्चों की मौत हो गई थी, उनको दूसरे वाहन से जिला अस्पताल ले जाकर डॉक्टर से स्वास्थ्य परीक्षण कराया , जिन्होंने देखते ही मृत घोषित कर दिया। जिनका शव विच्छेदन गृह में रखवाया गया। कोतवाली नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा ने बताया कि घटना पर थाना कोतवाली पन्ना पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है और यात्री बस टूरिस्ट कंपनी की बताई जा रही है जिसकी जांच की जा रही है। उक्त टूरिस्ट बस में कोई भी यात्री नहीं था। घटना में मृत हुए तीनों बच्चों का शव परीक्षण उपरांत शव मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया है तथा घटना में निष्पक्ष जांच की जा रही है। किसी भी दोषी को बक्सा नहीं जाएगा।

### सुधीर विद्यार्थी बने जन परिषद के प्रांतीय सचिव

**दमोह।** अखिल भारतीय स्तर की गैर राजनीतिक एवं सामाजिक संस्था जनपरिषद के संयोजक श्रीरामजी श्रीवास्तव एवं सहसमन्वयक के. पी अग्निहोत्री की अनुशंसा पर जनपरिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी ने , समाजसेवी एवं पत्रकार सुधीर विद्यार्थी को जनपरिषद का प्रांतीय सचिव मनोनीत किया है संस्था के महासचिव अजय श्रीवास्तव नीलू के अनुसार जनपरिषदराष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 36 वर्षों से सामाजिक एव रचनात्मककार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर 12 अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 275 से अधिक एव विदेशों में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है जो कि रचनात्मक एवं सामाजिक सुधार के कार्यों को मूर्त रूप दे रहे हैं। संस्था का मुख्य आधार मानवीय , सामाजिक एवम्राष्ट्रीय दृष्टिकोण है।

# नगर परिषद घुवारा में नियम विरूद्व की गई दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति

### वर्तमान पार्षद, जनप्रतिनिधि के पुत्रों, भतीजों एवं रिश्तेदारों के नाम फर्जी मस्टर भरकर निकाली करोंडो की राशि, कलेक्टर से हुई शिकायत

जिले कि नगर परिषद घुवारा शुर्खियों मे बनी हुई है। क्योंकि परिषद ने वर्ष 2022 एवं इसके पहले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति नियम विरूद्व की है। जबकि वर्तमान पार्षद एवं जनप्रतिनिधि के पुत्रों भतीजों एवं रिश्तेदारों के नाम फर्जी मस्टर भरकर करोड़ो की राशि निकाल ली गई।

छतरपुर।




अधिवक्ता मुकेश कुमार अहिरवार निवासी घुवारा ने कलेक्टर से की गई शिकायत में बताया गया है कि नगरीय निकाय चुनाव में 15 पार्षद निर्वाचित हुए थे जिसमें से 9 पार्षदों के सबधियों के पुत्रों की नियुक्ति दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में की गई है जो नगर पालिका अधिनियम 1961 के विरूद्व है।
मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मत्रांलय मध्यप्रदेश भोपाल के आदेश क्रमांक-6987/99/18-1 भोपाल दिनांक 31 दिसम्बर 1999 एवं मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन का एफ-5-14/ के.आ.प्र./99 भोपाल दिनांक 14 फरवरी 2000 से दैनिक वेतन भोगी श्रमिक कर्मचारियों को सेवा में नही रखे जाने एवं किए गए व्यय की बसूली संबधित अधिकारियों से किए जाने के निर्देश है। लेकिन इसके बावजूद भी नगर परिषद घुवार में नियमविरूद्व नियुक्तियां कर दी गई। नगर परिषद घुवारा ने जिन पार्षद पुत्रों एवं रिश्तेदारों की नियुक्तियां की है। नियुक्ति दिनांक से लेकर आज तक वह कर्मचारी न तो नगर परिषद गए है। और न ही कोई कार्य किया है। लेकिन सभी के खातों में 10175 रूपए की राशि प्रतिमाह प्रति व्यक्ति के हिसाब से डाली गई।

### किन किन की हुई नियुक्ति

जिन की नियुक्ति हुई है। उनमें छोटू कोरी तनय लखन कोरी निवासी वार्ड न.03, इन के चाचा मनोज कोरी वार्ड न.03 के पार्षद है संतोष सेन तनय सुदामा सेन इनकी माता श्रीमति मुन्नी सेन पति सुदामा सेन वार्ड नं. 07 से पार्षद है। इसके अलावा आशवेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, केतन कुमार, अभिषेक दुबे, लोकेन्द्र सिंह, देवी सिंह, अजीत दुबे, अमित राय, सुनील अहिरवार, पुष्पेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र लोधी, साहिल खांन, अवधेश कुशवाहा, लाखन सिंह, मोहित सिंह, हरीराम विश्वकर्मा, सुरेन्द्र साहू, राजेन्द्र राजपूत, संतोष यादव, त्रिलोक सिंह, सौरभ नामदेव, राहुल अहिरवार, भज्जू रजक, अभय सिंह, अनुरूद्व राजपूत शामिल है।

### ईओडब्लू में भी हुई शिकायत

नगर परिषद घुवारा द्वारा नियमविरूद्व नियुक्तियां की जाने पर मुकेश अहिरवार पुत्र महादेव प्रसाद निवासी वार्ड क्र. 10 घुवारा के द्वारा पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ईकाई सागर में 24 सितंबर 2025 को शिकायत की गई है कि नगर परिषद घुवारा द्वारा फर्जी मस्टर भरकर करोड़ो रूपए निकाल लिए गए है। इसकी शिकायत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी भेजी गई है। वहीं घुवारा के एडवोकेट मुकेश अहिरवार ने भी शिकायत की है। कि पार्षदों के लड़कों की नियुक्ति निरस्त की जाए जो वर्ष 2022 में की गई है।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई विदाई

**छतरपुर** । मलेरिया विभाग के 3 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति होने पर विदाई दी गई। जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए उनमें गोविंद सिंह सहायक मलेरिया अधिकारी, जय प्रकाश मिश्रा लैब सहायक, किशोर कुमार नाहर शामिल हैं। मलेरिया विभाग के समस्त स्टाफ ने उन्हें सॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया और विदाई दी। इस मौके पर डॉ. गौरव खरे जिला मलेरिया अधिकारी, दिनेश कुमार पटैरिया जूनियर मलेरिया इंस्पेक्टर, सूखेलाल अहिरवार, भावना सिंह, दीपेन्द्र रावत, संदीप श्रीवास और मलेरिया व फाइलेरिया स्टाफ मौजूद रहा।

### साइकिल चुराते युवक पकड़ा, प्राइवेट विद्यालय से बच्ची की साइकिल चोरी कर रहा था चोर



**नौगांव**। थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 05 में एक प्राइवेट स्कूल से बच्ची की साइकिल चुरा रहा आरोपी रंगे हाथ पकड़ा गया। बताया जाता है कि यह पेशेवर चोर है और अभी तक 42 साइकिल चोरी कर चुका है। पुलिस फिलहाल थाने ले गई। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी धीरेन्द्र सेन पिता ओम प्रकाश सैन निवासी नयागांव राष्ट्रीय कन्या हाई स्कूल में साइकिल चुराने आया था स्कूल के संचालक ने देखा तो चोर रंगे हाथ पकड़ा गया। जिसे मोहल्लेवासियों की मदद से पुलिस के हवाले किया गया। बताया जाता है कि यह आरोपी शराब के लिए पैसों की चाह में यह सब चोरी करता है इससे इसके घर परिवार के लोग भी परेशान हैं।

### इको लाईफ फाउण्डेशन के द्वारा मनपसार गांव में बनाया जाएगा सर्व सुविधा युक्त सामुदायिक भवन

**छतरपुर**। जिले के राजनगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कदौहां के ग्राम मनपसार में इको लाईफ फाउण्डेशन द्वारा सर्व सुविधा युक्त सामुदायिक भवन बनाया जाएगा। संस्था के सीईओ अमित सिंह द्वारा समस्त ग्रामीणों के साथ भूमिपूजन किया गया। श्रीसिंह ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा ग्राम टपरियनलखेरी, नंदलाल पुरा, जटापहाड़ी, टपरियन कुटिया आदि गांव में पहले ही सामुदायिक भवन बनाए गए है मनपसार गांव के ग्रामीणों ने मांग की थी कि हमारे गांव में ऐसा कोई सामाजिक स्थान नही है जिसमें हम सब ग्रामीण एक साथ बैठकर कोई आयोजन कर सके। ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए इको लाईफ फाउण्डेशन द्वारा निर्णय लिया गया है कि मनपसार गांव में सर्व सुविधा युक्त भवन का निर्माण किया जाए इसी उपलक्ष्य में भूमिपूजन किया गया और यह सामुदायिक भवन तीन से चार महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। जिससे ग्रामीणों की समस्या खत्म हो जाएगी और वह एक ही छत के नीचे बैठकर सार्वजनिक कार्यक्रम कर सकेंगे।

### प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर दी शुभकामनाएं

## सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों का एसपी ने किया सम्मान



छतरपुर।

मंगलवार को पुलिस विभाग के एक गरिमामय समारोह में दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को उनकी सेवानिवृत्ति के मौके पर दीर्घकालीन सेवा कार्य के लिए एसपी द्वारा सम्मानित किया गया। दोनों अधिकारियों ने चार दशक से अधिक समय तक पुलिस विभाग में सेवा दी और अब अधिवर्षता के आधार पर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कार्यक्रम में उन्हें शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके योगदान को सराहा गया। उपस्थित पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने उनके अनुभवों से प्रेरणा ली और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।
पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक धनीराम तिवारी और देवी सिंह को सम्मानित किया। धनीराम तिवारी ने टीकमगढ़ और छतरपुर जिले के विभिन्न थानों में सेवा दी, वर्तमान में वे थाना बाजना में पदस्थ थे। वहीं देवी सिंह ने पन्ना और छतरपुर जिले में कार्य किया और वर्तमान में पुलिस लाइन छतरपुर में पदस्थ थे। उल्लेखनीय है कि धनीराम तिवारी की एक पुत्री सविता तिवारी निरीक्षक स्टेनो के पद पर डीआईजी कार्यालय में कार्यरत हैं, जबकि दूसरी पुत्री अन्नू तिवारी सहायक उप निरीक्षक के रूप में सीसीटीएनएस शाखा में सेवाएं दे रही हैं। देवी सिंह के पुत्र ज्ञान सिंह भारतीय सेना के चिकित्सा कोर में कार्यरत हैं। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा, संबंधित अधिकारी, सेवानिवृत्त अधिकारीगण के परिजन और अनेक पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारियों ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए, जिससे उपस्थित कर्मचारियों को मार्गदर्शन और प्रेरणा मिली।

## झनझन देवी मंदिर क्षेत्र में बनेगा छतरपुर का सबसे बड़ा नेचर पार्कः मंत्री दिलीप अहिरवार

### 50 हेक्टेयर में विकसित होगा नेचर पार्क, पौने दो करोड़ की राशि स्वीकृत

छतरपुर।



मध्य प्रदेश शासन के पर्यावरण राज्य मंत्री एवं चंदला विधायक दिलीप अहिरवार ने जिलेवासियों को एक बड़ी सौगात देते हुए झनझन देवी मंदिर क्षेत्र में 50 हेक्टेयर में फैले छतरपुर के सबसे बड़े नेचर पार्क के निर्माण की घोषणा की है। इस परियोजना के लिए प्रारंभिक रूप से 1.75 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है, जिसका भूमि पूजन मंत्री अहिरवार, विधायक ललिता यादव, डीआईजी, सीसीएफ, डीएफओ सर्वेश सोनवानी सहित प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।
मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि यह पार्क न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि छतरपुर के नागरिकों को स्वच्छ हवा, मनोरंजन और स्वास्थ्य लाभ देने वाला एक आदर्श स्थल भी होगा। माता झनझन देवी मंदिर तक मुख्य मार्ग से सड़क निर्माण भी कराया जाएगा। सेवा पर्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अहिरवार ने पौधारोपण कर नेचर पार्क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। वन विभाग द्वारा विकसित किए जा रहे इस पार्क में विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों के साथ-साथ रनिंग ट्रैक, झूले, बच्चों के लिए विशेष खेल क्षेत्र, योग पार्क, व्यायामशालाएं, आरोग्य धाम, तालाब और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बर्ड सेंचुरी (पक्षी विहार) शामिल होंगी। चंदेल कालीन तालाब का भी सौंदर्यकरण किया जाएगा। मंत्री ने यह भी बताया कि जिले के अन्य धार्मिक स्थलों जैसे जटाशंकर धाम और मोनासैया के विकास कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे।



### दशहरा से पहले जिले में दुरुस्त की जा रही सुरक्षा व्यवस्था

## विसर्जन स्थलों का हुआ निरीक्षण बैठकों में दिए गए निर्देश

छतरपुर।

आगामी दशहरा पर्व और प्रतिमा विसर्जन के दौरान जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से छतरपुर पुलिस द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। विसर्जन स्थलों और चल समारोह मार्गों का निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। संबंधित विभागों के सहयोग से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, जिसमें बचाव दल भी उपकरणों के साथ तैनात रहेगा।
मंगलवार को पुलिस विभाग ने जिले के सभी थाना और चौकी स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित कीं, जिनमें आमजन, जनप्रतिनिधि और आयोजन समितियों के सदस्य शामिल हुए। इन बैठकों में चल समारोह के मार्ग, समय और विसर्जन स्थलों की जानकारी लेकर आवश्यक सुझावों के आधार पर व्यवस्थाएं तय की गईं। डीजे संचालकों को ध्वनि सीमा का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, विसर्जन स्थलों पर अस्थायी ट्रैक, बेरिगेट्स, प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुरक्षा उपायों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना है।

## छतरपुर शहर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए हुई पैदल पेट्रोलिंग

छतरपुर।

विजयदशमी पर्व और रावण दहन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से छतरपुर नगर में पुलिस और प्रशासनिक टीम द्वारा पैदल पेट्रोलिंग की गई। नगर के प्रमुख मार्गों और आयोजन स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। कार्यक्रम स्थल पर भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, आपातकालीन सेवाओं और तकनीकी निगरानी की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस निरीक्षण में उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेंज विजय कुमार खत्री, कलेक्टर पार्थ जायसवाल और पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने भाग लिया। रावण दहन स्थल पर मंच व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रवेश और निकास मार्गों को चिन्हित किया गया। फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस को तैनात रखने के निर्देश दिए गए, वहीं सीसीटीवी



कैमरे और ड्रोन के माध्यम से आयोजन पर सतत निगरानी रखी जाएगी। पैदल और मोबाइल पेट्रोलिंग मेला ग्राउंड से शुरू होकर छत्रसाल चौराहा, आकाशवाणी तिराहा, बस स्टैंड, हटवारा बाजार होते हुए महल तिराहा से छत्रसाल चौक तक की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेव, एसडीएम अखिल राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधवी शर्मा, कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी, सिविल लाइन थाना प्रभारी सतीश सिंह, यातायात निरीक्षक बृहस्पति साकेत और ओरछा रोड उप निरीक्षक दीपक यादव सहित प्रशासनिक एवं पुलिस टीम मौजूद रही। इस दौरान नगरवासियों से पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई।

## विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने दिशा लर्निंग सेंटर पहुंचे एसपी

### पुलिस कंट्रोल रूम निर्माण कार्य और परिसर व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा

छतरपुर।

मंगलवार को पुलिस लाइन परिसर में संचालित दिशा लर्निंग सेंटर का एसपी अगम जैन द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सेन्टर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके साथ ही एसपी ने पुलिस कंट्रोल रूम के निर्माणाधीन भवन और



पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए।
पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी, पाठ्यपुस्तकों, कंप्यूटर प्रणाली, पेयजल, वातानुकूलन, सीसीटीवी कैमरे, फर्नीचर और अन्य संसाधनों की स्थिति देखी। इसके बाद उन्होंने दिशा लर्निंग सेंटर में अध्ययनरत विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और आगामी आरक्षक संवर्ग, शीघ्र लेखक, अनुसचिवीय-सूबेदार तथा सहायक उप निरीक्षक पदों की प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी अध्ययन विधियों की जानकारी ली और परीक्षा में सफलता के लिए उपयोगी सुझाव दिए। छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने उन्हें प्रेरित किया और आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा को निर्देशित किया।

## डायल-112 की मदद से घायल पहुंचा अस्पताल, समय पर मिला इलाज




**छतरपुर**। चंदला थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक इलेक्ट्रिक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस नियंत्रण कक्ष डायल-112 भोपाल को प्राप्त होते ही तत्काल सहायता के लिए पुलिस वाहन रवाना किया गया। मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल महिला को शासकीय अस्पताल चंदला में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। बताया गया है कि घटना की जानकारी मिलते ही डायल-112 वाहन में तैनात आरक्षक अश्विन और पायलेट मुकेश प्रजापति मौके पर पहुंचे। हिनौता रोड पर पलटे इलेक्ट्रिक ऑटो में सवार महिला कलावती अनुरागी, उम्र 30 वर्ष, निवासी जरवरा गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। डायल-112 की टीम ने बिना विलंब किए एफआरव्ही वाहन से उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। पुलिस की तत्परता से समय पर सहायता मिल सकी और बड़ी अनहोनी टल गई।

# नशे का कारोबार शुरू करने के लिए चंद घंटों में की तीन लूट, पुलिस ने नशीली सिरप के साथ दो बदमाशों को दबोचा

## अमहिया थाना पुलिस ने की कार्यवाही

**रीवा।** शहर में नशे के कारोबार की नीयत से दो युवकों ने चंद घंटों के भीतर तीन पर्स स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देकर सनसनी फैला दी। आरोपियों ने लूट के पैसों से नशीली सिरप खरीदी और उसे बेचने जा रहे थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पकड़े गए युवकों के पास से 40 शीशी नशीली सिरप, दो मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घटनाक्रम रविवार का है, जब शहर के अमहिया और सिविल लाइन थाना क्षेत्रों में पर्स लूट की दो घटनाएं सामने आईं। एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में पुलिस ने शहरभर में सघन चेकिंग अभियान शुरू किया। अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने स्टाफ के साथ पीटीएस से अर्जुन नगर की ओर जाने वाले मार्ग पर चेकिंग प्वाइंट लगाया। इस दौरान बाइक से आते दो युवकों को रोककर तलाशी ली गई, जिनके पास से भारी मात्रा में नशीली सिरप बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने तीन पर्स स्नैचिंग की घटनाओं को कबूलते हुए बताया कि उन्होंने करीब 5,000 रुपए लूटे थे, जिनसे नशीली सिरप खरीदी थी। पकड़े गए आरोपी रीवा में नशे का अवैध कारोबार शुरू करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें पूंजी की जरूरत थी। गिरफ्तार आरोपियों में आकाश शुक्ला पिता कमलेश शुक्ला (उम्र 19 वर्ष), निवासी बसौल, थाना सैमरिया व समीर खान पिता मोबीन खान (उम्र 20 वर्ष), निवासी सैमरिया है पुलिस को पूछताछ में यह भी जानकारी मिली है कि आरोपियों की संलिप्तता सिटी कोतवाली के अलावा समान थाना क्षेत्र में हुई एक अन्य महिला से पर्स लूट की घटना में भी है। समान थाना पुलिस अब इन आरोपियों को रिमांड पर लेकर आगे की जांच कर रही है।



### जांच जारी, सप्लायर तक पहुंचने की कोशिश

पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर यह जानकारी जुटा रही है कि नशीली सिरप की सप्लाई उन्हें कहां से मिल रही थी। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल है। एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि रीवा में नशे के कारोबार पर सख्ती से लगाम लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी कीमत पर युवाओं को इस दलदल में फंसने नहीं दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### संभाग के 438 छात्रावासों को 178 टन खाद्यान्न आवंटित

रीवा। अनुसूचित जाति जनजातीय एवं अन्य पिछड़ावर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रावासों को खाद्य विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा योजना के तहत निःशुल्क खाद्यान्न हर माह उपलब्ध कराया जा रहा है। इस संबंध में आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि रीवा संभाग के 438 छात्रावासों को सितंबर 2025 के लिए 178 मैट्रिक टन खाद्यान्न प्रदान किया गया है। इसमें रीवा जिले के 74 छात्रावासों के लिए 27 टन, सतना जिले के 73 छात्रावासों के लिए 27 टन, सीधी जिले के 115 छात्रावासों के लिए 50 टन खाद्यान्न आवंटित किया गया। इसी तरह सिंगरौली जिले के 106 छात्रावासों के लिए 53 टन, मैहर जिले के 37 छात्रावासों के लिए 16 टन एवं मऊगंज जिले के 33 छात्रावासों के लिए 5 टन खाद्यान्न आवंटित किया गया। इसका आवंटन विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार किया गया है। आवंटित खाद्यान्न का 95 प्रतिशत उठाव तथा वितरण हो गया।

### 1 लाख 73 हजार बच्चों को पिलाई जायेगी पोलियो निरोधी दवा

कटननी। तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी बूथ मे ले जाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलवायें। कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। पल्स पोलियों के अतिरिक्त चरण के अंतर्गत रविवार 12 अक्टूबर को जिले मे स्थापित सभी पोलियों बूथों पर जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाए। अगर कोई बच्चा इस तिथि को दवा पीने से वंचित रहता है तो 13 एवं 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर दवा पिलाने की व्यवस्था करें।

# विंध्य क्षेत्र में पहली बार शिवेंद्र पांडेय ने किया स्किन दान

**रीवा। डीन डॉ प्रोफेसर सुनील अग्रवाल एवं अधीक्षक डॉ प्रोफेसर राहुल मिश्रा के दिशानिर्देश अनुसार श्याम शाह मेडिकल कालेज में प्लास्टिक सर्जरी विभाग के अन्तर्गत संचालित बर्न यूनिट में दिनांक 16 सितंबर को अंगदान कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए विंध्या क्षेत्र में प्रथम बार स्किन का दान किया गया है।**

स्किन शिवेंद्र कुमार पांडे की देह से लिया गया है जिनके फैमिली मेंबर ने उनकी देहावसान के बाद स्कीन दान का निर्णय गंभीर रूप से जले हुए मरीजों के इलाज में उपयोग होने की भावना से किया, साथ ही समाज में अंगदान कार्यक्रम से संबंधित जागरूकता भी फैले इसका भी ध्यान रखा। विभागाध्यक्ष डॉ सौरभ सक्सेना ने बताया कि स्किन दान भी अन्य ऑर्गन की तरह किया जा सकता है यह एक व्यक्ति से लेकर कई मरीजों में उपयोग किया जा सकता है विभाग में इसके लिए एक टीम हमेशा कार्यरत रहती है जो सूचना प्राप्त होने पर डेड बॉडी से स्किन हार्वेस्ट करती है। रीवा में स्किन बैंक का शुभारंभ चिकित्सा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के द्वारा मई माह में किया गया था जो आरंभ के पांच माह के भीतर ही रीवा के सम्माननीय नागरिक द्वारा स्किन दान का निर्णय लोगों में अंगदान से सम्बन्धित जागरूकता होने का भी प्रमाण देता है। विभाग की तरफ उनकी पत्नी श्री प्रतिभा पांडेय जो प्रोग्राम ऑफिसर के पद पर महिला एवं बाल विकास कटनी में पदस्थ है को इस संबंध में एक प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा जो उनके इस निर्णय के लिए मेडिकल कॉलेज की तरफ से कृतज्ञता व्यक्त करेगा।

## सेवा पखवाड़े में रेडक्रास के शिविर में 111 की हुई जांच



रीवा। सेवा पखवाड़े में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में भारतीय रेडक्रास समिति रीवा द्वारा शहर के 3 आंगनवाड़ी केन्द्र में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस संबंध में जिला रेडक्रास समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में 111 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गयी। डॉ. एसके श्रीवास्तव, डॉ. आदित्य तिवारी, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. अभिषेक श्रोत्रिय तथा डॉ. आशय द्विवेदी ने शिविर में आये व्यक्तियों के ब्लड प्रेशर, डायबिटीज तथा अन्य रोगों की जांच की। जांच के अनुसार रोगियों को निःशुल्क दवायें भी प्रदान की। शिविर में भारती शर्मा,श्वयेता गुप्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आरती मिश्रा तथा सहायिका कल्पना सिंह ने सराहनीय योगदान दिया।

# संजय गाँधी में एम्बुलेंस व्यवस्था को लेकर आयोजित की बैठक



**रीवा।** संजय गांधी अस्पताल में एम्बुलेंस व्यवस्था में नवाचार करने और अनियमितता से बचाव के लिए आज अस्पताल परिसर में थाना प्रभारी अमहिया शिवा अग्रवाल यातायात थाना प्रभारी अनिमा शर्मा , अंजलि गुप्ता , नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला , अस्पताल अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा , CMO डॉअतुल सिंह एवं डॉ यत्नेश त्रिपाठी की उपास्थिति में सभी एम्बुलेंस मालिकों एवं चालकों की मीटिंग आयोजित की गई। इस अवसर पर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये एवं आम जन से शिष्ट रहने व प्रबंधन द्वारा बनाये गए नियमों के प्रति लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए

# रीवा न्यायालय नए भवन में शिफ्ट, अधिवक्ताओं में अव्यवस्थाओं को लेकर दिखी भारी नाराज़गी



### 40 कोर्ट रूम, 750 वकीलों के लिए चेंबर, लेकिन बैठक व्यवस्था और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं पहले दिन नदारद

रीवा। लंबे इंतजार के बाद रीवा जिला न्यायालय ने सोमवार को इंजीनियरिंग कॉलेज के पास बने नए सर्वसुविधायुक्त भवन में कामकाज शुरू कर दिया। करीब 95.93 करोड़ रुपये की लागत से बने इस भव्य न्यायिक परिसर में कुल 40 कोर्ट रूम, न्यायाधीशों के चेंबर, वकीलों के लिए चेंबर और सर्विस ब्लॉक शामिल हैं। हालांकि पहले ही दिन कई मूलभूत सुविधाओं की कमी ने अधिवक्ताओं की नाराजगी बढ़ा दी। बता दे करीब 75 से 80 साल पुराने पुराने न्यायालय भवन को छोड़ते वक्त अधिवक्ताओं की आंखें नम हो गईं। वर्षों तक जिस भवन में उन्होंने न्याय की लड़ाई लड़ी, उससे विदा लेने से पहले कई अधिवक्ताओं ने उसे दंडवत नमन किया जिसके बाद नए परिसर में अधिवक्ताओं का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया और न्यायाधीशों ने विभिन्न कोर्ट रूम्स में सुनवाई शुरू की। लेकिन वकीलों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था न होने के कारण अधिकांश अधिवक्ता इधर-उधर खड़े रहे या नए भवन का निरीक्षण करते नजर आए। वकीलों का कहना था कि यदि वकील चेंबर और कोर्ट बिल्डिंग को एक साथ जोड़ने की व्यवस्था होती तो आवाजाही अधिक सुविधाजनक हो जाती। फिलहाल वकीलों को अलग-अलग जगहों पर भटकना पड़ रहा है। पहले दिन अधिवक्ता सुविधाओं के लिए दर-दर भटकते हुए दिखाई दिए। कुछ अधिवक्ता परेशान होकर पुराने भवन में आकर अपना कामकाज किया।

### सुविधाएं बनीं सिरदर्द

भले ही इस आधुनिक भवन में 750 से अधिक अधिवक्ताओं के लिए 36 हॉल, ड्राइवर और पक्षकारों के लिए अलग से बैठक व्यवस्था, सर्विस बिल्डिंग में बैंक, एटीएम, पोस्ट ऑफिस और मेडिकल सुविधाएं प्रस्तावित हैं, लेकिन सोमवार को न तो पीने के पानी की व्यवस्था थी और न ही पार्किंग की कोई ठोस व्यवस्था। एकमात्र जलस्रोत के रूप में एक टैंकर परिसर में खड़ा किया गया था। वहीं पार्किंग के लिए व्यवस्था न होने के कारण फोर व्हीलर गाड़ियाँ सड़कों पर खड़ी करनी पड़ीं।

**वकीलों को अभी चेंबर का इंतजार**

न्यायालय परिसर में वकीलों के लिए अलग से एक विशाल भवन का निर्माण किया गया है, लेकिन अब तक चेंबर अलॉट नहीं किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, अधिवक्ताओं की सूची हाईकोर्ट को भेजी जा चुकी है और वहां से मंजूरी मिलने के बाद ही चेंबर का आवंटन किया जाएगा। इस समय तक वह इमारत ताले में बंद है।

# रीवा परिवहन विभाग की बड़ी कार्यवाही: 13 यात्री बसों से 4.24 लाख रुपये का बकाया मोटरयान कर जमा कराया



**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में परिवहन विभाग ने अपनी कड़ी कार्रवाई के माध्यम से 13 यात्री बसों के संचालकों से कुल 4,24,099 रुपये का बकाया मोटरयान कर जमा कराया है। यह सफल अभियान न केवल विभागीय राजस्व को मजबूत करने में सहायक सिद्ध हुआ है, बल्कि सड़क परिवहन व्यवस्था को अधिक अनुशासित और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।परिवहन विभाग के अधिकारियों ने इसके लिए विशेष जांच अभियान चलाया, जिसमें विभिन्न रूटों पर संचालित यात्री बसों के कर भुगतान की गहन जांच की गई। इस दौरान पता चला कि ये 13 बसें लंबे समय से मोटरयान कर के भुगतान में विमुख थीं। विभाग ने तुरंत आज संचालकों को भुगतान के लिए अल्टीमेटम दिया, जिसके फलस्वरूप इन तेरह बस मालिकों ने निर्धारित समय के भीतर राशि जमा कर दी। जिससे इनका परिचालन निर्बाध रूप से जारी रह सके। परिवहन विभाग ने बताया की ₹हमारा मुख्य लक्ष्य कर वसूली के साथ-साथ परिवहन क्षेत्र में पारदर्शिता और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस अभियान ने संचालकों को यह संदेश दिया है कि समय पर कर न जमा करने पर वाहन जब्ती और अन्य सख्त कदम उठाए जा सकते हैं।₹ यह कार्यवाही विभाग की सक्रिय भूमिका को रेखांकित करता है, जो विभाग के लिए एक मिसाल है।इस वसूली से रीवा परिवहन विभाग के राजस्व में उल्लेखनीय इजाफा होगा। विभाग ने सभी वाहन मालिकों से अपील की है कि वे भविष्य में समयबद्ध तरीके से कर जमा करें, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो।यह कार्रवाई रीवा परिवहन विभाग की दक्षता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है, क्योंकि आज के दिन परिवहन कार्यालय बंद होने के बावजूद भी परिवहन विभाग के अधिकारियो और कर्मचारियों के द्वारा यह अथक प्रयास किया गया जिसके फलस्वरुप 13 बसों से यह बकाया मोटरयान कर जमा कराया गया। यह कार्यवाही रीवा आरटीओ के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्कवाड़ रीवा द्वारा की गई



## पदमधर के आयोजन में देवी गीतों एवं गरबा महोत्सव में उमड़ रहा भक्तों का शैलाब

रीवा। हिन्दू धर्म परिषद एवं रिदम म्यूजिकल ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित भगवती जागरण-गरबा महोत्सव 2025 में देवी गीतों और गरबा नृत्य का जो संगम दिखा है वह अदभुत है, यहॉ उमड़ रहा भक्तो का शैलाब इस आयोजन की सफलता का प्रतीक है, जिसके लिये आयोजन समिति को साधुवाद के साथ की शुभकामनायें देते हुये मनगंवा विधायक नरेन्द्र प्रजापति ने की दुर्गा विजयादशमी पर्व की अपनी बधाई नागरिकों को प्रेषित की। प्रजापति ने अपना अनुभव साझा करते हुये बताया कि वो बचपन से पदमधर पार्क के गरबा महोत्सव के साक्षी है वो हर वर्ष यहॉ जरूर आते थे और आज बतौर मुख्य अतिथि यहॉ आकर बहुत अच्छा लग रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर विजय दशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रकाश तरानी, कोषाध्यक्ष अमित डिगवानी, उप मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कमलेश सचदेवा, मऊगंज एडिशनल एस.पी. विक्रम सिंह एवं परिषद के आजीवन संरक्षक रामकृष्ण अग्रवाल मंचासीन रहे।

# पुलिस ने दो शातिर चोर किया गिरफ्तार, किराना सामान, लैपटॉप और नगदी जब्त

रीवा। जिले की गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने दो बड़ी चोरियों का खुलासा किया है, पुलिस ने एक ही रात में दो दुकानों में सेंधमारी करने वाले दो आदतन अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लैपटॉप, नगदी और भारी मात्रा में किराना सामान बरामद किया है। बता दे बीते दिवस गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदातें हुई थीं। पीड़ित दुकानदारों की शिकायत पर पुलिस ने दो अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस के अनुसार, शातिर चोरों ने देर रात किराना दुकानों को निशाना बनाते हुए ताले तोड़कर नगदी और सामान की चोरी की थी। वारदात की गंभीरता को देखते हुए गोविंदगढ़ थाना प्रभारी अरविंद राठौर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से चोरों की पहचान करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभिषेक पासी और बृजेंद्र बहेलिया के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, अभिषेक पासी पर चोरी और मारपीट जैसे कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। वहीं, बृजेंद्र बहेलिया के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं और पहले भी चोरी की घटनाओं में संलिप्त रहे हैं। वही पुलिस ने आरोपियों के पास से एक लैपटॉप, नगदी रुपए और भारी मात्रा में किराना सामान बरामद किया है, जिसकी कुल कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। बरामद सामान को जब्त कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को भेजा जेल

**कटनी।** बहोरीबंद थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।थाना प्रभारी बहोरीबंद निरीक्षक अखलेश दाहिया ने बताया कि फरियादी श्यामसुंदर सैनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम सिदुरसी निवासी नर्वद सिंह लोधी (52) ने ₹अपना ग्राम सिंदुरसी₹ नामक व्हाट्सएप ग्रुप पर आपत्तिजनक पोस्ट साझा की है। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 299 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी को तलाश कर गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में अपराध स्वीकार किया। उसके कब्जे से आपत्तिजनक पोस्ट डालने में प्रयुक्त मोबाइल जब्त किया गया। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल वारंट पर जिला जेल कटनी भेजा गया।

# खेलों से अनुशासन और टीम भावना को बढ़ावा मिलता है- सांसद



### हनुमना में सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**मऊगंज।** जिलें में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मऊगंज जिले में हनुमना तथा खटखरी में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का रीवा सांसद जनार्दन मिश्र ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि खेल से तन मन दोनों स्वस्थ्य रहते हैं। सांसद खेल महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य आमजनता को विभिन्न खेलों के माध्यम से नई ऊर्जा अनुशासन और टीम भावना का संदेश देना है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने और प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर देश की युवा शक्ति नये और विकसित भारत के निर्माण के लिए आगे कदम बढ़ा रही है। युवा पीढ़ी ही नये भारत का निर्माण करेगी। युवा अपने को नशे से दूर रखकर देश के विकास में अपनी ऊर्जा लगाये।

इस अवसर पर मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हमेशा से परंपरागत खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होती रही हैं। प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी की पहल पर ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हम सब के लिए बहुत बड़ा सौभाग्य है कि रीवा के सांसद ही इस प्रतियोगिता का शुभारंभ कर रहे हैं। सांसद का खेल प्रतियोगिता में कबड्डी, क्रिकेट, बालीबाल सहित परंपरागत रस्सा कसी, गिप्पी गेंद का आयोजन किया गया। सांसद मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल का विधिवत शुभारंभ किया। हनुमना में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर तथा खटखरी में हायर सेकेण्डरी स्कूल के मैदान में सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुनील सिंह, श्रीमती संतोष सिंह सिसोदिया, वंशगोपाल तिवारी, विपिन द्विवेदी, अमित सिंह, मुरलीधर द्विवेदी अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या खिलाड़ी एवं आमजन उपस्थित रहे। मऊगंज जिले में ही पिपराही और गौरी में भी सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया।

# ढेरा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत विशेष स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

### 156 हितग्राहीयो ने स्वास्थ्य शिविर में लिया लाभ



**मऊगंज।** जिले के अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत डॉ संजीव शुक्ला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढेरा में महिलाओं हेतु एक दिवसीय विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे 156 हितग्राहीयो ने स्वास्थ्य लाभ लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षता कर रहे देवतालाब विधायक गिरीश गौतम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और माननीय जी द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में सभी आम जनमानस को समय समय पर स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो और प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य लाभ मिल सके स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए हर संभव सहयोग के लिए कहा डॉ प्रदुमन शुक्ला बी एम ओ मऊगंज के द्वारा बताया गया की शिविर का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें समय पर आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जाना था । विशेषज्ञ शिविर से महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं समय पर परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ ।इस शिविर में महिलाओं को स्वास्थ्य परामर्श, आवश्यक जाँच एवं उपचार सेवाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं ।इस शिविर में किशोरियों का परीक्षण कर स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी प्रदान की गई। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ द्वारा चिकित्सकों की उपस्थिति रही, जिनमें बीएमओ डॉ प्रदुमन शुक्ला,पीजी एमओ डॉ. पंकज पाण्डेय, डॉ लक्ष्मण प्रसाद पटेल, डॉ हरीश कुमार सोनी, डॉ सुमन सिंह नाग, डॉ रुबी श्रीवास्त,वडॉ आर डी साकेत, सेक्टर सुपरवाइजर रामनिवास तिवारी, सेक्टर सुपरवाइजर संतोष चतुर्वेदी, सेक्टर सुपरवाइजर अशोक द्विवेदी, बृजेंद्र तिवारी, बीपीएम नीरज तिवारी, बीसीएम संजीव मिश्रा, शशि शर्मा,प्रोगाम मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा, एलटी सुनील मिश्रा, यादवेंद्र तिवारी, फार्मासिस्ट संदीप सिंह, एएनएम पूनम साकेत , उमंग काउंसलर आंचल मिश्रा, ऑपरेटर लक्ष्मी मौर्य, मनु मिश्रा , रनर बाय विपिन साकेत ,रेड क्रॉस समिति सचिव सूर्यमणि शुक्ल, द्वारा सफल संचालन किया गया शिविर को सफल बनाने में स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी रही।